#2019/00358 1129
87/2019

FORM NO-III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत– **अपीलीय अधि0 एवं जिला कलक्टर** मुकाम अजमेर

नीलेश बुरड **बनाम** लोक सूचना अधि0 एवं उपखण्ड अधिकारी, अजमेर

प्रकरण संख्या 87 सन् 2019

किस्म मुकदमा–सूचना का अधिकार अधि.–2005

तारीख हुकम	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में
10/10/2019	पत्रावली पेश हुई। लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी अजमेर से प्राप्त टिप्पणी का अपील मीमो सहित अवलोकन किया गया। वांछित सूचना का सम्बन्ध प्रमुख शासन सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जी–3/1 अम्बेडकर भवन राजमहल पैलेस के पीछे, जयपुर से सम्बन्धित होने से लोक सूचना अधिकारी द्वारा मूल प्रार्थना पत्र प्रति अधिनियम की धारा 6(3) के तहत पत्रांक 4391 दिनांक 30.08.2019 द्वारा हस्तान्तरित किया गया तथा प्रार्थी/अपीलान्ट को सूचना सीधे ही उपलब्ध करवाने हेतु निर्देशित किया जाकर प्रति जरिये पृष्ठांकन पत्रांक 4392 दिनांक 30.08.2019 से प्रार्थी को प्रेषित की गई है। तत्पश्चात प्रेषित टिप्पणी दिनांक 4.10.2019 की प्रति भी अपीलान्ट को प्रेषित की गई है। तद्नुसार अपीलान्ट/प्रार्थी सूचना प्राप्त करने हेतु स्वतंत्र है। प्रमुख शासन सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जयपुर के विरूद्ध अपील सुनवाई का क्षैत्राधिकार अधोहस्ताक्षर कर्ता का नहीं है। उपरोक्त परिपेक्ष्य में अपील इसी कदर से निस्तारित की जाती है। **पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हों।** Sd/- (विश्व मोहन शर्मा) जिला कलक्टर, अजमेर (Seal: न्यायालय जिला कलक्टर अजमेर)	

Scanned by CamScanner